तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार, 20 जुलाई 2024



11 7 लोगों को मिली अनुकंपा नियुक्ति



12 शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन











# सफलता के लिए विद्यार्थी जीवन में करें कड़ी मेहनत : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय कन्या शाला राजिम में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रोहित साहू ने सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल वितरण किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के सीएम विष्णुदेव साय की सोच है कि बेटियां शिक्षा से वंचित न हो। अतएव ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के लिए सरस्वती सायकल योजना लागू किया है। विधायक श्री साहू ने कहा कि कुछ साल पहले स्कूलो में बेटियों की संख्या कम थी। माता-पिता चिंता करते थे कि बेटी को आगे कै से पढ़ाएंगे? गांव में पांचवी तक की कक्षाएं थी। इस चिंता को डॉ. रमन सिंह सरकार ने गंभीरता से लिया था और पांच किमी के दायरे में उन्होने मिडिल स्कूल खुलवाए ताकि बेटियां अपनी पढ़ाई कर सके। इसी तरह मिडिल से हाई स्कूल पढ़ने वाली बेटियों के लिए सायकल योजना बनाया। आज हम देख रहे है स्कूलो में लड़कों से ज्यादा संख्या लड़कियों की है। विधायक श्री साहू ने कहा कि लड़कियां यदि अच्छी पढ़ेंगी तो बड़े पदो पर जाएंगी। शादी भी अच्छे घरो में होगी क्योंकि शादी के समय लड़के वाले पूछते है कि लड़की कहां तक पढ़ी है? इसलिए जीवन में यदि सुखी रहना है तो छात्र जीवन में कड़ी मेहनत करें, आगे मजे में रहोगी। विधायक श्री साहू ने कहा कि आज हमारे देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर द्रौपदी मुर्मु विराजमान है। हम सभी को इस पर बहुत ⏭ शेष पेज 10 पर

## शासकीय कन्या शाला राजिम में सायकिल वितरण समारोह





## खबर संक्षेप



### राजिम में सहस्रधारी जलाभिषेक 22 को

**राजिम।** स्वयंभू श्री भुनेश्वनाथ महादेव जलाभिषेक समिति राजिम के तत्वावधान में स्वयंभू श्री भुनेश्वनाथ महादेव मंदिर थाना पारा राजिम में प्रथम प्रयास के रूप में सहस्त्रधारा जलाभिषेक का कार्यक्रम सावन मास के प्रथम सोमवार 22 जुलाई को प्रातः 9 बजे से आयोजित है। प्रातः 9 बजे भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक पश्चात पदमा तालाब में गंगापूजन कर पदमा तालाब से मानव श्रृंखला बनाकर जल लाकर सहस्त्र धारा से भोलेनाथ जी का अभिषेक 11 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर सभी सदस्य तैयारी में लगे हुए हैं। तालाब से लेकर मंदिर परिसर तक तोरण पताका झंडा से सजाया जा रहा है , मंदिर को फूलों से सजाने के कार्य किया जावेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए थानापारा, पंडापारा, साहू पारा , मदरसा पारा, फांस पारा सहित नगर के सभी धर्म प्रेमी माता बहनों, सहित युवा वर्ग अपना विशेष योगदान उत्साहित होकर दे रहे हैं।

### लावारिस मवेशियों से आम जनता परेशान



**नवापारा-राजिम।** शहर में लावारिश मवेशियों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही हैं। सबसे ज्यादा त्रस्त नवापारा बस स्टैण्ड के लोग है। मवेशी पालक अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। बारिशकाल होने की वजह से ये मवेशी भी बीच सड़क में या तो खड़ी हो जाती है या फिर जगह-जगह इधर से उधर मंडराती रहती है। इससे न केवल यात्री गाड़ी वाले परेशान है बल्कि ऑटो वालों की परेशानी कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। आए दिन लावारिश मवेशियों की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। दोपहिया सवार तो रोज गिर रहे है। गाड़ी संचालकों ने नगर पालिका अधिकारी और प्रशासनिक अफसरो का ध्यान आकर्षित करते हुए इस पर कड़ाई करने का आग्रह किए है। किसान भी इन लावारिश मवेशियों से खासे परेशान हैं।

### शादी में गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के जैन भवन में भतीजे की शादी में शामिल होने गए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। हाडाबंद निवासी पदुम लाल मरकाम ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई को वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 3162 कीमत करीब 10000 रुपए से अपने भतीजे लिलेश मरकाम की शादी में शामिल होने जैन भवन गया था। शाम करीबन 7:30 बजे अपनी मोटर सायकल को मैदान पास हैंडिल लॉक कर भवन के अंदर चला गया। रात्रि करीबन 8:30 बजे बाहर आकर देखा तो मोटर सायकल वहां पर नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

**मौसम : अच्छी बारिश से सीकासार बांध का जल स्तर बढ़ा**

# आषाढ़ के अंतिम सप्ताह में सावन जैसी झड़ी, बारिश से खेत-खलिहान लबालब





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

आषाढ़ माह के अंतिम सप्ताह में बादल ऐसे मेहरबान हुए कि शुक्रवार की शाम को सावन की झड़ी जैसा नजारा रहा। अच्छी बारिश होने से सब तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। सीकासार बांध में पानी आने से जल स्तर बढ़ रहा है। बांध में पानी की आवक होने से सिंचाई विभाग एवं जिले के किसानों के लिए अच्छी खबर है।

शाम को अंचल में अच्छी बारिश हुई। बारिश का सिलसिला जिला मुख्यालय में दोपहर बाद से शुरू हुई, जो समाचार लिखे जाने तक जारी था। लगातार हल्की और तेज बारिश हुई है। बारिश से बचने लोग दोपहर बाद से घरों में दुबके ⏭ शेष पेज 10 पर

## एनीकट के ऊपर से बह रहा महानदी का पानी



राजिम। राजिम महानदी का यह दृश्य काफी सुकुन प्रदान करने वाला दृश्य है। पिछले चार दिनों से महानदी में बाढ़ की धार एनीकट के ऊपर से चल रही है। शहरवासी शाम को नजारा देखने नदी तट पर लगातार पहंच रहे हैं।

## जिले में 91.5 प्रतिशत बारिश

जिले में चालू मानसून सत्र में गत 01 जून से 18 जुलाई 2024 तक औसत वर्षा 348.9 मिली मीटर दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अभी तक 91.5 प्रतिशत औसत बारिश हो चुकी है। भू-अभिलेख शाखा गरियाबंद से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक सबसे अधिक मैनपुर तहसील में 440.9 मिली मीटर कुल वर्षा दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम अमलीपदर तहसील में 206.9 मिली मीटर कुल वर्षा दर्ज की गई है। इसी तरह गरियाबंद में 293.2 मिली मीटर , छुरा में 307.7मिली मीटर, राजिम में 379.2मिली मीटर, फिंगेश्वर में 403.2 मिली मीटर और देवभोग में 411.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। आषाढ़ माह में समय-समय पर हो रही अच्छी बारिश से खरीफ खेती-किसानी कार्य जोर पकड़ लिया है। खेतों में पर्याप्त पानी भरने से रोपाई कार्य के लिए मताई तेजी से चल रहा है। रोपाई में मजदूर व किसान व्यस्त है।

# मलेरिया से फिर एक बच्चे की मौत, पीड़ित परिवार से विधायक ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर क्षेत्र में लगातार मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। एक सप्ताह पहले ग्राम पंचायत देहारगुडा के आश्रित ग्राम दर्रीपारा में विशेष पिछड़ी के कक्षा दूसरी के छात्र भुवेन्द्र कुमार सोरी की मौत मलेरिया बीमारी से हो गई थी जिसके बाद जिला प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में लिया और क्षेत्र में लगातार गांव- गांव स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जा रहा है। इसी बीच तहसील मुख्यालय मैनपुर से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत झरियाबाहरा के आश्रित ग्राम उखरूपारा में भी एक आदिवासी 04 वर्षीय बच्चा ढलेन्द्र नागेश की मौत मलेरिया से होने की जानकारी शुक्रवार को विधायक जनक ध्रुव को गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर दिया तो विधायक जनक ध्रुव ने पीडित परिवार से मुलाकात करने



उखरूपारा पहुंचे। लेकिन नेशनल हाईवे के बाद भीतर डेढ से दो किलोमीटर कीचड और सड़क नहीं होने के कारण विधायक जनक ध्रुव पैदल ही पीडित के परिजनों से मुलाकात करने पहुंच। इस दौरान ग्राम उखरूपारा निवासी राजेन्द्र नागेश एवं उनके परिवार के लोगों ने बताया कि चार दिन पहले उनके 04 वर्षिय पुत्र ढलेन्द्र नागेश को बुखार आया जिसकी सूचना तत्काल मितानिन को दिया गया मितानिन द्वारा कीट में जांच करने पर मलेरिया पॉजिटिव पाया गया तो परिजनों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस को कई बार फोन लगाये ⏭ शेष पेज 10 पर

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने के लिए 31 जुलाई तक कृषणगण आवेदन कर सकते है। राज्य शासन द्वारा किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सुखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान अधिसूचित मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का एवं सोयाबीन का बीमा करा सकते है। योजनांतर्गत मौसम खरीफ 2024 अंतर्गत अधिसूचित फसलों हेतु बीमा इकाई ग्राम धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन एवं मक्का तथा बीमा इकाई कोदो, कुटकी, रागी, मूंगफली, अरहर, मूंग एवं उड़द निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ ऋणी, अऋणी, भू-धारक किसान, बटाईदार व वन पट्टाधारी किसान ले सकते है।

कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष जिला गरियाबंद में फसल बीमा के लिए बीमा कंपनी बजाज एलाइन्स जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से अनुबंध किया गया है। खरीफ मौसम के लिए बीमा राशि निर्धारित किया गया है, कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत किसानों द्वारा प्रीमियम के रूप में देय ⏭ शेष पेज 10 पर

# पालिका कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

पालिका कर्मियो ने लंबित वेतन एवं पेंशन की मांग को लेकर 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रगट किए। कर्मचारियों ने बताया कि 22 को कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे और 29 जुलाई को एक दिवसीय जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन होगा, उसमें शामिल होंगे। बताया गया है कि नगरीय निकाय महासंघ की बैठक में इस समस्या को लेकर चरणबद्ध व शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। 29 तारीख को एक दिवसीय हड़ताल में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। जिसमें नवापारा के पालिका कर्मचारी भी जाएंगे।



**फरियादियों को विधायक व कलेक्टर से मिलने से रोका गया**

# जसनि शिविर से निराश लौटे फरियादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



नगर में लगभग एक वर्ष बाद जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। लेकिन इस शिविर में अपनी-अपनी समस्याओं को बताने आवेदन के साथ छो-टे छोटे बच्चों को लेकर पहुंचे कई फरियादियों को कलेक्टर एवं विधायक से मुलाकात करने से रोक दिया गया। जिससे मायुस होकर कई लोग बगैर समस्या बताए वापस लौट गए। मैनपुर में लंबे समय के बाद जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था और जनसमस्या निवारण शिविर को लेकर ग्रामीणों में गजब का उत्साह देखने को मिला ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचने वाले अधिकांश ग्रामीणों का सोंच रहता है कि अपने आवदेन और मांगपत्रों को सीधा मंच पर बैठे कलेक्टर और विधायक के हाथ में सौपने से त्वरित समस्या का समाधान होता है, इस चाहत में छोटे- छोटे बच्चों को लेकर कई लोग मजदूरी भुगतान, पेंशन, राशन कार्ड अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर बकायदा आवेदन साथ में रखकर सामुदायिक भवन पहुंचे थे लेकिन उन्हे कलेक्टर दीपक अग्रवाल और विधायक जनक ध्रुव से सीधे मंच पर मुलाकात करने से लगातार रोका जा रहा था जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित होती रही, राजस्व विभाग के स्थानीय अधिकारियों द्वारा फरियाद लेकर पहुंचे ग्रामीणों को अपने आवेदन को कांउटर में जमा करने निर्देश देते रहे और उन्हे रोका जा रहा था जिससे कई फरियादी बगैर आवेदन दिए वापस लौट गए तो वही दुसरी ओर जब इसकी जानकारी विधायक जनक धुरव को लगी तो उन्होने तत्काल ग्रामीणों को मंच पर आने देने का निर्देश दिया साथ ही जनक ध्रुव ने कहा कि ग्रामीण उत्साह से कलेक्टर को अपनी समस्या बताने आए थे लेकिन राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा उन्हे रोका जाना गलत है शासन के मंशा है कि कलेक्टर गांव में पहुचकर जन समस्या शिविर के माध्यम से ग्रामीणो की समस्या सुने इसी लिए जन समस्या शिविर का आयोजन किया जाता है।

फरियाद लेकर पहुचे राधिका पटेल ने बताया कि मैं स्वंय कलेक्टर से मुलाकात कर समस्या बताने पहुंची थी लेकिन दो जगह उन्हे रोका गया। बार- बार कहने के बावजूद मंच पर नही जाने दे रहे थे। मैनपुर नगर के कुछ पत्रकारों के द्वारा जब तश्वीर ली गई तब उन्हे मचं पर जाने दिया। कमार विकास अभिकरण के सदस्य पिलेश्वर सोरी ने बताया कि कमार जनजाति के लोग बडी संख्या में विधायक और कलेक्टर को समस्या बताने पहुंचे थे लेकिन उन्हे मंच पर जाने से रोका गया जिसके कारण कई लोग बगैर आवेदन दे लौट गए।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नया बैच 1 अगस्त से

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रयास कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रातः 06 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 04 बजे से 07 बजे तक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रयास कोचिंग का नया बैच 01 अगस्त से शुरू हो रहा है है। प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए इच्छुक व्यक्ति पंजीयन कराकर कक्षाएं ज्वाइन कर सकते हैं। उक्त कोचिंग में पंजीकृत विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास एवं कला संस्कृति, भारतीय भूगोल और अर्थशास्त्र, भारत का संविधान व सामान्य विज्ञान, पर्यावरण एवं समसमायिकी घटनाक्रम इत्यादि विषय का अध्यापन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा निरंतर किया जा रहा है साथ ही समय-समय पर जिले में पदस्थ ⏭ शेष पेज 10 पर




**खबर संक्षेप**



## पार्षदों ने किया सम्मान

**राजिम।** बस स्टेण्ड राजिम में चाय वाले मुरली सोनी का सम्मान पार्षद टंकु सोनकर, उत्तम निषाद, अरविंद यदु, भारत यादव, अखिलेश गुप्ता ने किया। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण के दौरान इन्होने इस खुशी में सैकड़ो राहगीरो को मुफ्त में चाय पिलाया था। उनके इस खुशी को देखते हुए पार्षदों ने फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया।

## फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 से

**महासमुंद।** जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस को ध्यान में रखते 1 अगस्त 2024 से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। डी. बसंत साव समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षाओं को ध्यान में रखकर पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स की नई क्लासेस 1 अगस्त 2024 से प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं सायःकालीन में शाम 4 से 07 बजे तक क्लास संचालित होगी। अन्य क्लासेस पीएससी-प्री, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षा का फाउंडेशन कोर्स की क्लासेस प्रातःकालीन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं पीएससी मैंस की क्लासेस सुबह 7 बजे से 10 बजे तक एवं टेट, सहायक शिक्षक-शिक्षक भर्ती की क्लासेस शाम 4 बजे से 7 बजे तक संचालित हो रही है। कोचिंग में प्रवेश प्राप्त करने अकादमी में संपर्क कर सकते हैं।

## ज्ञान गंगा स्कूल में मनाई बघेल की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती मनाई गई। जिसमें शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल आदि ने कहा कि डॉ खूबचंद बघेल ने अपना पूरा जीवन छत्तीसगढ़ के हितचिंतन में लगा दिया और अपने विचार मूल्यों से छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहाराकोट में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को कामदेव पिता ऋषि (19) निवासी ग्राम घोघरा घोंच, तेंदूकोना ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## तेंदूकोना में रोजगार मार्गदर्शन एवं अभिनंदन समारोह कल

**तेंदूकोना।** स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला में रविवार को गुरु पूर्णिमा पर रोजगार मार्गदर्शन एवं अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता पंडित ललित मिश्रा (प्रांताध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज रायपुर) करेंगे व विशेष अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच देववंतीन दिलीप दीवान, मानसिंह दीवान, दिनेश अग्रवाल एवं हरिनारायण दीक्षित आदि उपस्थित रहेंगे। इसी तरह एक्सपर्ट अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग महासमुंद से रेखराज शर्मा, कृषि विश्वविद्यालय से साकेत दुबे महासमुंद, सफल व्यापारी प्रखर शर्मा रायपुर, खेल विभाग से आलोक द्विवेदी बागबाहरा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अमित शर्मा रायपुर, असिस्टेंट कमिशनर कांत शुक्ला खैरागढ़, पुलिस विभाग से प्रतिभा पांडेय महासमुंद, संगीत कला क्षेत्र से जेपी शर्मा रायपुर व गजेंद्र प्रसाद तिवारी गुल्लू (आरंग) उपस्थित रहेंगे। इस दिन सुबह 9 बजे गुरुपूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

**आयोजन : जिला स्तरीय जनससमया निवारण शिविर में 249 आवेदन मिले**

# शिविर में मिले आवेदनों को गंभीरता से लेकर करें समस्याओं का समाधान : विधायक जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

नगर में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद अध्यक्ष मैनपुर नूरमति मांझी, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, एसडीएम तुलसीदास मरकाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, जनपद सदस्य भूमिलता जगत विशेष रूप से उपस्थित थे। इस शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 249 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 242 मांग से संबंधित एवं सात आवेदन शिकायती प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में मौजूद लोगों को भी दी।

**विधायक एवं कलेक्टर ने स्टालों का निरीक्षण किया-** जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के विधायक जनक धुरव एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल मौजूद अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। विधायक एवं कलेक्टर ने किसानों को मत्स्य विभाग की ओर से मछली जाल एवं आईस बाक्स का वितरण किया। ग्राम उसरीजोर के किसान जदूराम को भेजीपदर व्यपवर्तन योजना के तहत भू–अर्जन की राशि के रूप में 10 लाख रूपये का चेक भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं कलेक्टर ने 4 बच्चों को अन्नप्राशन करवाया, साथ ही गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रश्म के तहत पोषण आहार किट भी प्रदान किया।

**शिशु संरक्षण माह का किया शुभारंभ-** जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 19 जुलाई से 23 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अभियान में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को विटमिन–ए व 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आरयन सिरप पिलाया जा रहा है। आज मैनपुर में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में विधायक जनक ध्रुव व कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटमिन-ए व 6 माह से 5 वर्ष के बच्चो कों आयरन सिरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुर जनपद के सीईओं डीके नागवंशी, सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके बरमन, महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय, पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता पंकज जैन, चन्द्रहास साहू, क्रेडा विभाग के अधिकारी श्री ध्रुव, बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे, कृषि विभाग के जिला अधिकारी चंदन राय, बीएमओं डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, बीईओ चन्द्रशेखर मिश्रा, बीआरसीसी शिवकुमार नागे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम चन्द्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी आंनद कुमार, सरपंच जिलेन्द्र नेगी, खेलन दीवान, प्रेम ध्रुव, त्रिवेण नागेश, दुलिया बाई एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र के जनप्रनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेश कंवर ने किया।



### शिविर सिर्फ खानापूर्ति बनकर न रहे : विधायक

जनसमस्या निवारण शिविर में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा शिविर में प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लिया जाए और सभी समस्याओं का समाधान किया जाए सिर्फ खानापूर्ति न किया जाए। उन्होने कहा कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगातार मलेरिया से दो लोगों की मौत हो चुकी है, गांव में स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति बेहद खराब है, खेती- किसानी का दिन प्रारंभ हो गया है किसानों को खाद बीज नहीं मिल पा रहा है किसान खाद बीज के लिए भटक रहे है, शिक्षा विभाग का लचर व्यवस्था के कारण इस आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को जर्जर भवनों में पढ़ाई करने मजबूर होना पड़ रहा है, श्री ध्रुव ने कहा कि राजस्व विभाग में काम नहीं हो रहा है, लोग नामांत्रण, त्रृटि सुधार जैसे कार्यों के लिए लगातार चक्कर लगा रहे हैं और लोगों को तारिख पर तारिख दिया जा रहा है।





### समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह दो शिविर : कलेक्टर

गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक माह दो जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में सभी जिला अधिकारियों को उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच किया जा रहा है। कलेक्टर ने लोगों को निःशुल्क बीपी और शुगर सहित स्वास्थ्य संबंधी अन्य प्रकार की जांच कराकर स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहने एवं आश्वयकतानुसार निःशुल्क ईलाज प्राप्त करने का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को आवास की सुविधा से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिए शासन द्वारा राशि भी जारी की गई है। उन्होंने राशि प्राप्त हितग्राहियों से आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर आवास योजना से लाभान्वित होने को कहा।

## नेटवर्क समस्या से रसेलावासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर ग्राम रसेला के ग्रामीण जियो मोबाइल नेटवर्क के समस्या से खासे परेशान हैं। जियो टावर की पावर घटा दिया गया है। यह समस्या लंबे समय से है। जबकि इधर कुछ दिनों से जियो का रिचार्ज बड़ा दिया गया है। इससे जियो मोबाइलधारकों में काफी आक्रोश में है। नेटवर्क सही तरीके काम नहीं करने से मैसेज, बातचीत आदि मोबाइल में काम नहीं कर रहा है। नेटवर्क काम नहीं करने से मोबाइल सिर्फ शो पीस बनकर रह गया है। डीजिटल युग में जहां स्कूल की पढ़ाई से लेकर शासकीय काम एवं नगदी लेनदेन सहित कई काम आनलाइन हो गए है। ऐसे समय में रसेला सहित आसपास के कई गांवों में लोगों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नेटवर्क समस्या के चलते शासकीय एवं अन्य कार्य भी बाधित हो रहें हैं। इस समस्या से लगातार परेशान ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया गया मगर व्यवस्था में अभी तक सुधार नहीं आया। जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, भाव सिंह मरकाम, नंदू दास, धनीराम यादव, देवलाल बारिक, रामायण ठाकुर, शिवशंकर



जयसवाल, लोकराम ध्रुव, ठाकुर राम यादव, छन्नू ठाकुर, बेदब्यास निषाद सहित ने कलेक्टर दीपक अग्रवाल, एसडीएम छुरा से मांग किए हैं कि क्षेत्र में जियो टावर की नेटवर्क ठीक ढंग से नहीं है। लोग बात नहीं कर पाते हैं। महीने की रिचार्ज दे तो करते हैं लेकिन उनके पैसा बर्बाद हो जाता है। और मोबाइल सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## 7 लोगों को मिली अनुकंपा नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल की त्वरित एवं संवेदनशील पहल से पिछले दस दिनों में 07 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति मिल चुकी है। कलेक्टर ने आज दो युवकों को अनुकंपा नियुक्ति सौंपकर निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 10 जुलाई को दो, 15 जुलाई को तीन तथा शुक्रवार को दो लोगों को इस प्रकार कुल 07 लोगों को पिछले 10 दिनों के भीतर अनुकंपा नियुक्ति दी जा चुकी है। शासन के प्रावधानों के तहत कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। इसी के तहत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से आज दोनों युवकों ने खुशी जताते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। श्री राहुल एवं श्री लोकेश कुमार को भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगी। उल्लेखनीय है कि आज अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले देवभोग अंतर्गत ग्राम सुपेबेड़ा के निवासी श्री राहुल कुमार ने बताया कि उनके पिताजी सहायक शिक्षक के रूप में प्रायमरी स्कूल ठिरलीगुड़ा में पदस्थ थे। उनके निधन के बाद उन्हें भृत्य पद के रूप में शासकीय मीडिल स्कूल झाखरपारा में नियुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के पालन पोषण एवं देखरेख में सहायता मिलेगी। साथ ही भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इसी प्रकार ग्राम दीवानमुड़ा के रहने वाले श्री लोकेश कुमार के पिताजी प्रधानपाठक के रूप में शासकीय मीडिल स्कूल दीवानमुड़ा में पदस्थ थे। उनके निधन के पश्चात उन्हें भृत्य के रूप में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल झाखरपारा में अनुकंपा नियुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि पिता के जाने के बाद भविष्य चिंतित था।

## सदगुरु भगवान वही जो सृष्टि नहीं दृष्टि बदल दे : पं. दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

21 जुलाई को गुरुपूर्णिमा का पर्व पूरे भारत देश मे मनाया जायेगा व गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर अलग अलग क्षेत्रो में आयोजन होता हैं, लोग अपने अपने गुरु के द्वार पहुंचते हैं, गुरुपूर्णिमा में अपने गुरुवर से आशिर्वाद लेते हैं, गुरुपूर्णिमा के संदर्भ में पंचकोशी धाम फिंगेश्वर के श्रद्धेय कथा व्यास पंडित भूपेंद्र धर दीवान ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को ही व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, भगवान व्यास नारायण का भी प्राकट्य दिवस है,जिन्होंने पंचम वेद महाभारत, चतुर्वेद व पुराणों सहित कई गर्न्थो की रचना की,



■ गुरुपूर्णिमा पर्व पर यजमान गण पहुंचेंगे पंचकोशी धाम फिंगेश्वर

दीवान ने कहा - सद्गुरु के द्वारा सृष्टि नही दृष्टि बदली जाती है, माता पिता के द्वारा दो नेत्र प्रदान किये जाते हैं,भगवान भोलेनाथ के तीन नेत्र हैं,आप हम सब के दो ही नेत्र हैं, पर तीसरा नेत्र भी हमारे पास है,जिसे कहते हैं ज्ञान की दृष्टि जो समर्पित भाव को लेकर गुरुदेव के चरणों मे पूर्ण शरणागति को स्वीकार करने से गुरुदेव भगवान के द्वारा प्रदत्त की जाती है, जिसे ज्ञान चछु कहते हैं,गुरु के द्वारा सृष्टि नही दृष्टि बदली जाती हैं,जिस ज्ञान की प्राप्ति के पश्चात मोह उत्पन्न न हो दुखो का शमन हो जाय तथा परब्रम्ह अर्थात स्वयं के स्वरूप की अनुभूति हो जाय, ऐसा ज्ञान गुरु कृपा से ही प्राप्त हो सकता है, जो दिख रहा वही रूप है पर जो अनुभव का विषय है वही स्वरूप है, गुरु वही जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाये, अज्ञानता को दूर कर ईश्वर के करीब ले जाय जो हमारे सूक्ष्म से सूक्ष्म दोषों का भान करा दे, हमारे जीवन को गुणों से पूर्ण कर हमें जगतगुरु भगवान श्री कृष्ण के श्री चरणों का भागी बना दे ऐसे सर्व समर्थ गुरु देव भगवान को मुझ दास का बारंबार प्रणाम गुरु पूर्णिमा पर्व पर आप सभी अपने गुरुदेव भगवान का सानिध्य व आशीर्वचन अवश्य प्राप्त करें, यह अनमोल पल होता है जब जीव गुरुदेव भगवान के चरणों मे हो..! तो पण्डित ने गुरुपूर्णिमा का महत्व व गुरु महिमा का बखान कर सभी जनमानस को बता ही रहे हैं, गुरु जब तक ज्ञान नही देंगे, भगवान को प्राप्त करना संभव नही होता, भगवान तक पहुँचने का मार्ग गुरु ही दिखाते हैं।

**जय मां घटारानी युवा रेडियो क्लब फूलझर के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की**

# आकाशवाणी रायपुर के पूर्व उद्घोषक मिर्जा मसूद के निधन पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

प्रदेश के मशहूर रंग निर्देशक और आकाशवाणी में वरिष्ठ उद्घोषक रहे मिर्जा मसूद का निधन हो गया। रात 3 बजे उन्होंने अपनी अंतिम सांसें ली। मिर्जा मसूद लंबे समय से बीमार थे। परिवार के लोगों के साथ इंदौर में रह रहे थे। 82 साल की उम्र में उनका निधन हुआ है। मिर्जा मसूद के निधन की खबर से कला जगत और पत्रकारिता जगत में शोक का माहौल है। उन्होंने आकाशवाणी में उद्घोषक के रूप में अपना लम्बा करियर बिताया और रंगमंच के लिए अपना पूरा जीवन बिताया। कई नाटक लिखे और उनका निर्देशन भी किया। चक्रधर सम्मान और चिन्हारी सम्मान सहित दिल्ली के राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) में भी विशेष सम्मान प्राप्त मिर्जा मसूद 80 साल की उम्र पार करने के बाद भी वे थियेटर के लिए समर्पित रहे। कई नाटक लिखे और उनका निर्देशन भी किया। मिर्जा मसूद जन्म 3 अप्रैल को 1942 को हुआ था। मिर्जा मसूद ने बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने स्कूल और कॉलेज में कई नाटक किए।







सार्वजनिक मंचों पर अभिनय किया। हबीब तनवीर के निर्देशन में 1973 में रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय नाच वर्कशॉप में भागीदारी रही।

**80 से अधिक नाटकों का निर्देश किया-** उन्होंने 80 से अधिक नाटकों का निर्देश किया।अंधा युग,हरिश्चन्द्र की लड़ाई,गोदान,शहंशाह इडिपस,सैया भये कोतवाल,विक्रम सैन्धव,जायज हत्यारे,जैसे सैकड़ों नाटक का निर्देशन किया। सेंट्रल जेल रायपुर में बंद कैदियों के लिए भी नाटक शिविर का आयोजन किया था। छत्तीसगढ़ी नाटक''जइसन करनी तइसन भरनी'' और ''अंजोर छरियागे''जैसे नाटक को जेल के बाहर भी कैदियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया था। मिर्जा मसूद ने छैक दिल्ली के विस्तार कार्यक्रम के सहयोग से छत्तीसगढ़ी नाटक सियान गोठ और हिंदी नाटक जिंदगी कोलाज का लेखन और निर्देशन भी किया था। 1857 की क्रांति की 150वीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ी नाटक ''सुरता बलिदान के''का लेखन और निर्देशन के साथ उनका मंचन छत्तीसगढ़ के अलग–अलग जिलों में किया।मिर्जा मसूद ने लंबे समय तक इंटरनेशनल और हिंदी ब्रॉडकास्ट कमेंटेटर के रूप में भी काम किया।फर्स्ट एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता पाकिस्तान, पंचम विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता बम्बई,दिल्ली एशियाड 1982,चौंपियन ट्रॉफी कराची पाकिस्तान दक्षिण कोरिया सियोल ओलंपिक 1988 और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हिंदी कमेंटेटर की भूमिका निभाई।

**श्रोताओं ने दी श्रद्धांजलि-** जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर के रेडियो श्रोताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं। जिला गरियाबंद अध्यक्ष योगेश्वर साहु, ओल्ड लिस्नर्स छत्तीसगढ़ जोन रायपुर प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल देवांगन, लोक कलाकार गौकरण मानिकपुरी, आकाशवाणी रायपुर के सेवानिवृत्त वरिष्ठ उद्घोषक संजय पाण्डेय, श्याम वर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक प्रदीप कुमार यदु, टीकम साहु, हरिश्चंद्र ताराक, बाबुलाल साहु, दिलीप ध्रुव, ईश्वर ताराक, राजकुमार यादव, रेखराम ध्रुव, गोपाल साहू, गोवर्धन यादव, मिल्लु गिरी गोस्वामी, हेंमत साहू, रामचंद्र साहू, महेंद्र गंधर्व, विजय गोस्वामी, सुरेन्द्र सिन्हा, भागवत सेन, ओमप्रकाश सिन्हा आदि श्रोताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।

## चावल का उठाव शुरू पर एसडब्ल्यूसी के कर्मचारी अभी भी हड़ताल पर डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन (एसडब्ल्यूसी) के कर्मचारियों के हड़ताल के चलते तीन दिनों तक गतिरोध कायम रहने के बाद आखिरकार पीडीएस के चावल का उठाव तो शुरू हो गया है। लेकिन, एसडब्ल्यूसी के कर्मचारियों ने इस बात को नकारते हुए कहा है कि हड़ताल खत्म हो गई है। उन्होनें बताया कि वे अपनी मांग नियमितीकरण, श्रम सम्मान राशि सहित 8 सूत्रीय मांग को लेकर अभी भी राजधानी रायपुर में डटे हुए हैं।

बता दें कि छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन कर्मचारी संघ द्वारा अपनी प्रमुख मांग के संबंध में मौखिक और लिखित रूप से शासन- प्रशासन को अवगत कराते रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### देवशयनी एकादशी पर निकली भगवान विष्णु की पालकी

**रसेला।** देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर ग्राम पटेल घर से गली भ्रमण करते हुए भगवान श्री हरि विष्णु की पालकी यात्रा निकाली गई। बाजे- गाजे के साथ भक्तों के कंधो पर सवार होकर जयकारे के साथ गायत्री मंदिर और प्रज्ञेश्वरनाथ मंदिर पहुंची। जहां महाकाल बाबा की और श्री हरि विष्णु की पूजा एवं महाआरती व प्रसादी वितरण कर दोनों भगवान के बातचीत - चर्चा करने के लिए भगवान को नवीन कपड़े से ढका गया। प्राचीन धर्म ग्रंथों व पुराणों के अनुसार देवशयनी एकादशी पर्व पर भगवान श्री हरि विष्णु जी अपना जगत संचालन का कार्यभार भगवान शंकर जी को सौंपते हैं। जिसके बाद भगवान विष्णु चातुर्मास के लिए विश्राम में चलें जातें हैं। जिसकी परंपरा निर्वहन करते हुए भगवान विष्णु की पालकी यात्रा निकाल महाकाल भगवान शंकर जी से मिलन करवाया गया। भगवान महाकाल और विष्णु भगवान की सभी ने पूजा अर्चना व महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया।

### इकेवायसी व लैंड सीडिंग का कार्य जारी



**मुड़ागांव(कोरासी)।** जिले के कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में उपसंचालक कृषि चंदन राय के मार्गदर्शन में पीएम किसान सम्मान निधि दिलाने के लिए आदिवासी विकासखंड छुरा के कृषि अधिकारीयों द्वारा किसानों का इकेवायसी, लैंड सीडिंग भौतिक सत्यापन कार्य गांव- गांव में जाकर कर रहे हैं। जिससे किसानों को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम किसान सम्मान निधि की राशि का लाभ मिल सकें। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति किसान कमार एवं भुंजिया किसानों का सम्मान निधि योजना के साथ-साथ नया पंजीयन एवं समिति से बीज वा उर्वरक दिलाने के लिया नया किसान क्रेडिट कार्ड खोला जा रहा है। किसानों को बिना ब्याज के खेती किसानी में अच्छा सहयोग मिलेगा। कृषि अधिकारी ने अंचल के सभी किसानों को अपनी फसल की सुरक्षा प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अपील की है।

### बच्चों को पिलाई गई विटामिन ए की दवा



**फिंगेश्वर।** नगर के आंगनबाड़ी भवन वार्ड 13 में स्वास्थ कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्षद मंजू हरित के मुख्यआतिथ्य में शिशु संरक्षण माह का शुंभारंभ किया गया। इस अवसर पर पार्षद मंजू हरित ने बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई। कार्यक्रम में स्वास्थ कार्यकर्ता सुपरवायजर आशा पोद्दार एवं आरएचओं सुधा नायक ने 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई। वहीं पर 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन की सिरप पिलाकर सप्ताह में दो बार मंगलवार एवं शुक्रवार को पिलाने का सुझाव पालकों को दिया गया। बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन सिरप पिलाना क्यों आवश्यक है विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित सभी माताओं को बच्चों के स्वाास्थ को लेकर उचित सलाह दी गई। कार्यक्रम में आगनबाड़ी कार्यकर्ता नीता सिन्हा, मितानीन अनिता निर्मलकर, उमा यदु आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल को शाम करीब 8 बजे लेखराम दीवान पिता उभय राम निवासी ग्राम जामपाली कमरौद सड़क हादसे में घायल हो गया था ।

## मांग : मुख्यमंत्री साय से सरपंच व ग्रामीणों ने की मुलाकात

# जर्जर मार्गों की मरम्मत व पुलों के निर्माण पूरा कराने सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छूईहा बेलर

समाजिक कार्यकर्ता एंव भाजपा युवा नेता रूपसिंग साहू के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से क्षेत्र के सरपंच व ग्रामीण ने 16 जुलाई को उनके निवास में मुलाकात की। रूपसिंह साहू के माध्यम से सिरकट्टी आश्रम संत गोवर्धन महाराज, क्षेत्र सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू, सिर्रीखुर्द सरपंच टिकेश साहू, जनपद सभापति प्रतिनिधि गजेन्द्र निषाद, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, पूर्व सरपंच बिजली मोती राम निषाद ने क्षेत्र के निर्माणाधीन उच्चस्तरीय पुल एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने की मांग आवेदन दिए गए। मुख्यमंत्री ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग मुख्यालय को निर्देश करने की बात कही। आवेदन एवं चर्चा के माध्यम से बाताया कि प्रदेश में आपके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास में नदी, नाला में उच्चस्तरीय पुल की स्वीकृति से निर्माणधीन है। स्वीकृत के दो बरसात के बाद भी पुल अधूरा है। जिसमें आवागमन में दिक्कत हो रही है। इस निर्माणाधीन पुल में सेंदर नाला, परसठ्ठी नाला, बारूला नाला, बोड़की नाला, रोहिना नाला में बन रहे पुल अधूरा में शामिल है। वहीं चैतरा रवेली बारुला पहुंच मार्ग में रवेली नाला भी विगत सालों से टूटा हुआ है। वर्तमान में फिंगेश्वर मुख्यालय, महासमुंद, रायपुर जाने इस मार्ग के सारे रास्ते बंद हैं। तब रवेली सड़क की ओर से चल रहे है। वह भी 15 जुलाई की बारिश में धराशाही हो गया है। इसे भी आवेदन में उल्लेख किया गया है। वहीं जर्जर सड़क की बात करें तो वह जर्जर स्थिति में है बरसात में सड़क बीच मे डबरा नुमा गड्ढा में पानी भरा रहता है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इसका भी अवगत मुख्यमंत्री को कराया गया है। इस खराब सड़क में कुण्डेल से मडवाडिही, खुडियाडीही से बारूला मार्ग, छुईहा से फिगेंश्वर चैतरा मार्ग, पतोरा से परसदाकला फिगेंश्वर मार्ग, चरभट्ठी देवगांव मार्ग अत्यंत खराब स्थिति में है। यह जानकर मुख्यमंत्री गंभीरता लेते संबंधित विभाग को निर्देश करने की बात कही है। यह सब पुल एवं सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिन है। मुख्यमंत्री से मिलकर आने पर क्षेत्र के जनता को उम्मीद जागी है कि पुल और सड़क जल्दी बन कर तैयार होंगे।

> ■ निर्माणाधीन सेंदर नाला, परसठ्ठी नाला, बारूला नाला, बोड़की नाला, रोहिना नाला में बन रहे पुल हैं अधूरे



### भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की मांग

संत गोवर्धन शरण व्यास महामंडलेश्वर सिरकट्टी आश्रम कुटेना ने इस दौरान अपनी बात रखी। उन्होंने गुरुकुल आवासीय विद्यालय में भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराने की मांग आवेदन पत्र दिया गया है। वहीं गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर आमंत्रित भी किया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने बाद में आने की बात कही। संत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि हमारे आश्रम में कक्षा 6वीं से कक्षा 10वीं तक की आवासीय विद्यालय संचालित है, जहां पर भारतीय संस्कृति एवं सनातन संस्कार के साथ-साथ शासन के पाठ्यक्रम का अध्यन-अध्यापन होता है। साथ ही संस्कृत शिक्षा नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, योग शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य किया गया है। जहां पर विषय विशेषज्ञ आचार्यों के द्वारा शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। गौशाला वो उनके संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसके साथ में संत राम सेवक शरण, संत मिथला शरण, राम केशव शरण, डॉ. बलराम साहू मिलने वाले में शामिल है।



## विष्णुदेव साय से टीचर्स संघ ने पुरानी पेंशन देने की मांग की

**फिंगेश्वर।** शिक्षक एल बी संवर्ग की समस्या को लेकर थानसिंह दीवान सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा, कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महासमुंद के साथ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिक्षक एल बी संवर्ग को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने व क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन देकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में मिलकर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि हमारे पूर्व के नियुक्त शिक्षक साथी बिना पेंशन के सेवा निवृत्त हो रहे है,संविलियन के समय से कुल सेवा हेतु 10 वर्ष पूर्ण नही होने के कारण वे पुरानी पेंशन के लिए पात्र नही हो रहे है।यह स्थिति 2028 तक सेवा निवृत्त होने वाले सभी शिक्षक एल बी संवर्ग के लिए होगा।यह अत्यंत दुखद है कि रिटायर होने वाले शिक्षक एल बी संवर्ग को न तो पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है और न ही नए पेंशन का फायदा है।वे खाली हाथ घर बैठने मजबूर होते है।प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा व प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ने बताया कि शिक्षक एल बी संवर्ग के सम्बंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांग किया गया है जिसमें पूर्व सेवा (शिक्षा कर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति) के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा अवधि की गणना किया जावे।पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा केंद्र सरकार,उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड सरकार की तरह 33 वर्ष के स्थान पर पूर्व सेवा अवधि से 20 वर्ष किया जावे। सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने हेतु चर्चा किया गया।देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता,कैशलेश ईलाज, युक्ति युक्त करण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश, एक पाली के शाला का समय 10:30 से 4:30 तक करने, पदोन्नत शिक्षकों को वेतन देने के विषय पर चर्चा किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों की पुरानी पेंशन सहित सभी विषय की चर्चा को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी मांगों को दिखवाकर निर्णय लेंगे। इस दौरान सुधीर प्रधान, देवनाथ साहू,बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक, योगेश सिंह ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, नारायण चौधरी, संतोष सिंह, भूषणलाल चंद्राकर, गोपाल जायसवाल, नंदकुमार साहू, प्रदीप वर्मा, सालिकराम साहू, देवेंद्र चंद्राकर, नवधा चंद्रा, रवि कुम्भकार, परमेश्वर चंद्रा, गेवाराम नेताम, कैलाश साहू, राहुल नेताम, बलराम तारम, आशीष नायक शामिल थे।

## सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के लिए पतंजलि योग समिति की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

पतंजलि योग समिति जिला की आवश्यक बैठक नगर के मानस मंदिर प्रांगण में आयोजित कि गई। जिसमे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमे पूर्व दिनों में हुए राज्य कार्यकारिणी की मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा हुई पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने राज्य और केंद्र से प्राप्त निर्देश को बताया कि आगामी दिनों में सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रत्येक तहसीलों में करना है इसका उद्देश्य युवाओं को योग से जोड़कर स्वस्थ, संस्कारवाण बनाना एवम स्वावलंबन से जोड़ना है,प्रत्येक गांव में योग की कक्षा को पहुंचाना है। भारत स्वाभिमान न्यास जिला संरक्षक यशवंत यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर योग कक्षाओं का विस्तार करना है, सकारात्मक ऊर्जा से कार्य करना है और राह में जो मुसीबतें आएं उनका सामना करते हुए संगठन की सेवा करना है। भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी संतराम कंवर ने कहा की योग एक सशक्त माध्यम है स्वस्थ रहने का सह योग शिक्षक बनकर एक खुशहाल जीवन जीया जा सकता है। युवा भारत छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया राज्य प्रभारी योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने कहा कि हमें स्वस्थ, समृद्ध और नशामुक्त युवाओं का अगर निर्माण करना है तो आज के नई युवा पीढ़ी को योग से जोड़ना होगा, योग से जुड़कर युवा स्वस्थ एवम चरित्रवान रहेंगे जीवन संस्कार वान देश बन पाएगा और एक विशेष सूचना देते हुए सिन्हा द्वारा बताया गया कि जो युवा सन्यास ग्रहण कर देश, धर्म और राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं उन्हें गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में शामिल होना चाहिए। किसान सेवा समिति सह जिला प्रभारी शीतल ध्रुव ने कहा कि हमें महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से संपर्क कर उन्हें सह योग प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु प्रेरित करना होगा। भारत स्वाभिमान न्यास जिला महामंत्री हीरालाल साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज बीमारियां एवं बुराइयां फैली हुई है उसे रोकने का एक मात्र साधन है योग की साधना करना और इससे हम बीमारी और बुराई से बच सकते हैं। महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी मिलेश्वरी साहू ने बताया की उनके द्वारा युवा बहनों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है जो कि आगामी होने वाले सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे और समाज के लिए कार्य करेंगे। युवा भारत सह जिला प्रभारी ईश्वर यदु ने बताया कि स्वास्थ्य के साथ रोजगार के लिए उचित माध्यम है योग। बता दें कि पतंजलि योग पीठ योग और आयुर्वेद की बढ़ती मांग के जवाब में किया गया था, जिसे निःशुल्क योग कक्षाओं की सफलता से बल मिला। ट्रस्ट इन प्राचीन विज्ञानों के लाभों को तत्काल समुदाय से परे आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचा, संगठनात्मक ढाँचा और आउटरीच कार्यक्रम प्रदान करता है।

## अलंकरण समारोह में मेघा पटेल का मेडल व प्रमाण पत्र से किया गया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष में भी अलंकरण समारोह का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ऋषि कुमार साहू पालक उपस्थित रहे। प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जेकब ने बताया कि कुछ दिन पहले शाला में बच्चों का छात्र संघ के लिए चुनाव का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्र संघ के रूप में प्रधान छात्र के रूप में प्रियांशु यादव, प्रधान छात्रा के रूप में सिमरन सचदेव, इसी प्रकार क्रीड़ा सचिव के रूप में शुभम ठाकुर, सांस्कृतिक सचिव के रूप में मेनका साहू ने चुनाव में बाजी मारी। इस वर्ष किया गया जिसमें इंडियन टैलेंट ओलंपियाड परीक्षा वर्ष 2023-24 में राज्यस्तर पर अपनी जगह बनाई कक्षा नवमी की छात्रा मेघा पटेल पिता बलराज पटेल को चेक, मेडल और प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही शिक्षक- शिक्षिकाओं को सम्मान के रूप में प्रमाण पत्र दिया गया। यह भी बता दे कि शाला को इंडियन टैलेंट ओलंपियाड के द्वारा स्वर्ण पदक से भी नवाजा गया इस कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि ऋषि साहू जी ने कहा कि हमारे लिए, अलंकरण समारोह केवल उपाधियाँ प्रदान करने के बारे में नहीं है, बल्कि छात्रों को ज़िम्मेदारियाँ प्रदान करने के बारे में है, ताकि वे स्कूल की कमान संभाल सकें। इस दौरान शैजू जेकब, शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य, प्रबंधक आशीष जार्ज जेकब शिक्षक- शिक्षिकाओं लोवित रत्नाकर, मोहित, कृष्णा जोगेश्वर, परमेश्वरी, भोज, दीप्ति, कीर्ति रहे। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत यदु ने किया।

## शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रानीपरतेवा में पालकों एवं शाला स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें प्रभारी मंत्री द्वारा अनुमोदित रामप्रसाद शांडिल्य अध्यक्ष नियुक्त हुए।साथ ही सचिव एलआर साहू प्राचार्य, कोषाध्यक्ष एसके दीवान, विधायक प्रतिनिधि पंकज निर्मलकर, सांसद प्रतिनिधि रमन नामदेव और सदस्य के रुप में सोमन यदु, विजय साहू, भगत सिन्हा, संतोष ध्रुव, तरुण मरकाम, मुकेश साहू, रघुनाथ साहू, हरिलाल साहू, गिरवर सिन्हा, मुरारी निषाद, प्रभा मरकाम, संध्या शुक्ला,एसएस मार्कण्डेय, धनंजय ठाकुर और बीके यदु नियुक्त हुए। उक्त सभा /सम्मेलन में समिति गठन के अलावा अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा एवं प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें शिक्षक की कमी,लाउंड्री वॉल के अधूरे निर्माण, सायकल स्टैंड के निर्माण, शपथग्रहण समारोह में विधायक को आमंत्रित करने, पूर्व प्राचार्य महोदय के रिटायर्ड होने पर विदाई सम्मान समारोह आयोजित करने, सरस्वती सायकल योजना के तहत नवप्रवेशी छात्राओं को साइकिल वितरण करने, संस्था के वार्षिक बजट 2024-25 के संबंध में चर्चा के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल के भवन न होने के संबंध में भी प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मिलन में पदाधिकारियों के अलावा सौरभ दूबे (व्याख्याता), द्वारिका साहू , माधुरी ध्रुव, सुधा द्विवेदी, अमंग ध्रुव, रामेश्वरी कंसारी, घनश्याम ध्रुव, डिम्पल ध्रुव, यशवंत मरकाम सहित अधिकाधिक संख्या में पालक गण मौजूद रहे। सम्मेलन का संचालन प्रधान पाठक थानेश्वर निर्मलकर ने किया।

## देश में अमन, शांति व खुशहाली के लिए मांगी दुआ

# बाबा को चादर पोशी करने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



मैनपुर से 38 किमी दूर ग्राम दानीबांधा में इस साल भी हजरत सैय्यद दानीदाता शाह रहमतुल्लाह अलैह का उर्स पाक शुक्रवार को बड़े धुमधाम के साथ मनाया गया। ग्राम दानीबांधा में सभी धर्म संप्रदायो के श्रद्धालुओं ने चादर पेश कर बाबा साहब से अपने परिवार व क्षेत्र सहित देश प्रदेश के लिये सुख, शांति, खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर पाईकभांठा से शाही चादर शरीक निकाली गई और शाम 4.36 बजे दरगाह शरीक पहुंचे शाही चादर का दीदार करने व बोसा लेने लोग उमड़ पड़े जहां कुलशरीफ की फांतिहा पढ़ी गई इसके बाद सलातो सलाम का नजराना पेश कर बाबा के दरगाह मे शाही चादर चढ़ाई गई। मौलाना साहब ने देश मे अमन शांति खुशहाली के लिये दुआ मांगी इसके बाद आम लंगर का आयोजन किया गया प्रदेश के कोने कोने से पहुंचे मुस्लिम समाज सहित सभी धर्म के लोगो ने बाबा को अपनी तरफ से चादर व फूल चढ़ाने उमड़ पड़े। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि घंटो मशक्कत के बाद लोग दरगाह शरीक के अंदर जा पाये। आज शुक्रवार को झमाझम बारिश के बीच हजरत सैय्यद दानीदाता शाह रहमतुल्लाह अलैह का उर्स पाक में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और अपनी मनोकामना के लिए दुआ मांगी इस वर्ष उर्स पाक में हजारों के तादात में लोग पहुंचे हुए थे उर्स में पाईक भांठा, मैनपुर, नगरी, सिहावा, धमतरी, कांकेर, केशकाल, बस्तर, देवभोग, गरियाबंद, राजिम, छुरा, दुर्ग, आरंग एवं बिलासपुर के साथ प्रदेश के अन्य हिस्सो से हजारों की संख्या मे लोग अपनी मुरादे लेकर पहुंचे थे। दरगाह कमेटी द्वारा दोपहर व रात के भोजन आम लंगर की व्यवस्था की गई थी मुस्लिम समुदाय द्वारा दरगाह शरीक के चारो तरफ भव्य आकर्षक सजावट किया गया है। बाबा के दरगाह में देर रात तक चादर पोशी करने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## मनरेगा में तालाब गहरीकरण कार्य में फर्जी हाजिरी, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)



जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत कनेसर के सेम्हर पानी तालाब गहरीकरण मनरेगा के तहत कार्य किया गया। मजदूर डोमन लाल देवांगन ने बताया कि तालाब में गहरीकरण का कार्य किया गया है। जहां मजदूरों को बिना काम किए मजदूरी का भुगतान किया गया है। जिसकी जांच के लिए जिले के कलेक्टर, जनपद सीईओ एवं विभागीय अधिकारियों से जांच की मांग की गई है। जहां मजदूरों की बिना काम किए मजदूरों के खाते में पैसा आया था उसमें कोई एक रुपए का काम नहीं हो पाया है। मात्र सभी मजदूर तालाब में फोटो बस खींचवाने जाते थे। सभी मजदूरों के खाते में 6 दिन का बिना काम के मजदूरी 1380 रुपये जमा की गई है। जहां देवांगन के खाते में मजदूरी राशि 900 रुपये जमा हुआ है और दूसरे सप्ताह में 3 दिन का 720 रुपये सभी मजदूरों के खाते में जमा हुआ है। कुल 2100 रुपए मजदूरी राशि जमा हुआ है। और दूसरे सप्ताह में डोमन लाल देवांगन के खाते में 400 रुपये जमा हुआ। देवांगन ने रोजगार सहायक, सचिव, मेट के ऊपर अनियमितता का आरोप लगाते हुए तालाब गहरीकरण कार्य की निरीक्षण कर जांच की मांग शासन प्रशासन से की है।